| | Employee benefits expense | 36.09 | 38.53 | 147.92 | 90.02 |
| | Other expenses | 104.31 | 134.36 | 441.82 | 322.01 |
| | Total expenses (4) | 710.11 | 852.47 | 3,094.83 | 2,631.92 |
| 5 | PBDIT : Profit before Depreciation, Interest and Tax expense (3 - 4) | 127.78 | 89.91 | 359.57 | 362.68 |
| 6 | Finance Costs | 4.65 | 3.07 | 19.45 | 5.65 |
| 7 | PBDT : Profit before Depreciation and Tax expense (5 - 6) | 123.13 | 86.84 | 340.12 | 357.03 |
| 8 | Depreciation and amortisation expense | 30.40 | 25.79 | 114.09 | 55.04 |
| 9 | Profit before Exceptional items and tax (7 - 8) | 92.73 | 61.05 | 226.03 | 301.99 |
| 10 | Exceptional items | (0.33) | - | 2.78 | - |
| 11 | Profit before tax (9 - 10) | 93.06 | 61.05 | 223.25 | 301.99 |
| 12 | Tax expense | | | | |
| | Current tax | 23.17 | 20.12 | 61.53 | 83.33 |
| | Deferred tax charge / (credit) | (3.59) | (13.79) | (21.13) | (15.06) |
| | Total tax expense (10) | 19.58 | 6.33 | 40.40 | 68.27 |
| 13 | Profit for the Period / Year (11 - 12) | 73.48 | 54.72 | 182.85 | 233.72 |
| 14 | Other comprehensive income | - | - | - | - |
| | Items that will not be reclassified to profit or loss | - | - | - | - |
| | Remeasurements of defined benefit plans - (Loss) / Gain | (1.06) | 0.20 | (1.08) | (0.07) |
| | Income tax relating to remeasurements of defined benefit plans | 0.16 | (0.02) | 0.19 | 0.05 |
| | Items that will be reclassified to profit or loss | - | - | - | - |
| | Changes in foreign exchange reserve | 10.03 | (1.59) | 36.99 | (1.59) |
| | Total other comprehensive income, net of tax (12) | 9.13 | (1.42) | 36.10 | (1.61) |
| 15 | Total comprehensive income for the Period / Year (11 + 12) | 82.61 | 53.30 | 218.95 | 232.11 |
| 16 | Profit after tax attributable to: | - | - | - | - |
| | Owners of the company | 73.48 | 54.72 | 182.85 | 233.72 |
| | Non-controlling interest | - | - | - | - |
| 17 | Other Comprehensive income attributable to : | | | | |
| | Owners of the company | 9.13 | (1.42) | 36.10 | (1.61) |
| | Non-controlling interest | - | - | - | - |
| 18 | Total Comprehensive income attributable to : | | | | |
| | Owners of the company | 82.61 | 53.30 | 218.95 | 232.11 |
| | Non-controlling interest | - | - | - | - |
| 19 | Paid-up equity share capital<br>(Face value of the share : INR 10) | 17.59 | 17.59 | 17.59 | 17.59 |
| 20 | Other Equity | - | - | 1,348.72 | 1,201.14 |
| 21 | Earnings per share | | | | |
| | Nominal value per equity share of INR 10 each | | | | |
| | Basic and Diluted (INR) | 41.79 | 31.11 | 103.98 | 132.91 |

**Notes :**

1. The Standalone and Consolidated statements were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on May 16, 2026. The statutory auditor have expressed unmodified conclusion on the aforesaid results.
2. The above is an extract of the detailed format of the financial results for the quarter and year ended Mar 31, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.The full format of these financial results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com / www.nseindia.com) and company's website (www.styrenix.com).
3. The financial results of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting ("Ind AS") notified under Section 133 of the Companies Act 2013 ('Act') read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015, as amended.
4. The same can be accessed by scanning the QR Code provided below :

**For Styrenix Performance Materials Limited**
**Sd/-**
**Rakesh S Agrawal**
**Chairman**
**DIN : 00057955**

**Place : Vadodara**
**Date : May 16, 2026**

# अदाणी समूह ने 27.5 करोड़ डॉलर में निपटाया अमेरिका में मामला

● ईरान से एलपीजी आयात को लेकर अमेरिकी वित्त विभाग ने प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी

**नई दिल्ली/ न्यूयॉर्क,** (भाषा) : अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. ने सोमवार को अमेरिकी वित्त विभाग के 'विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय' (ओएफएसी) को 27.5 करोड़ डॉलर का भुगतान कर ईरानी प्रतिबंधों के कथित उल्लंघन के मामले का निपटारा कर लिया। यह मामला गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के जरिये ईरान से जुड़े तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के आयात से संबंधित है। कंपनी ने कहा कि उसने मामले की जांच में 'विस्तृत सहयोग' दिया और निष्कर्षों का 'स्वेच्छा से खुलासा' भी किया।

अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाली अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के स्पष्ट उल्लंघन से जुड़ी संभावित सिविल देनदारी के निपटारे के लिए 27.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। हालांकि, कंपनी ने कहा कि यह समझौता किसी प्रकार की दोषसिद्धि या गलत काम की पुष्टि नहीं करता और इससे संबंधित सभी देनदारियों का निपटारा कर देता है। कंपनी ने नवंबर, 2023 से जून, 2025 के बीच दुबई-आधारित एक कारोबारी से एलपीजी की खरीद की थी। उस कारोबारी ने खुद को ओमान और इराक से आपूर्ति करने वाला मध्यस्थ बताया था, लेकिन जांच में सामने आया कि गैस की वास्तविक आपूर्ति ईरान से जुड़ी थी। ओएफएसी के निपटान आदेश के मुताबिक, 'एईएल के एलपीजी आयात से जुड़े किसी भी पक्ष पर उस समय प्रतिबंध नहीं लगे थे, और कंपनी को उपलब्ध कराए गए किसी भी दस्तावेज में एलपीजी का ईरानी उद्यम होने का स्पष्ट रूप से संकेत करने वाली कोई जानकारी नहीं थी।

# हरियाणा में हर ब्लॉक स्तर पर खुलेंगे उद्योग



**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी) : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में 10 बड़ी औद्योगिक नीतियों को मंजूरी दे दी गई। सीएम नायब सैनी ने दावा किया है कि इन नीतियों के जरिए अगले पांच वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपए का निवेश आएगा और 10 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।ये नीतियां उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), डेटा सेंटर, फार्मा, खिलौना निर्माण, ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग और कृषि आधारित उद्योगों को नई रफ्तार देंगी। सीएम नायब सैनी ने बताया कि सरकार ने पुरानी A, B, C और D ब्लॉक व्यवस्था खत्म कर दी है। अब प्रदेश के हर ब्लॉक को उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा, स्थानीय युवाओं को नौकरी देने पर कंपनियों को प्रति कर्मचारी 1 लाख रुपए सालाना तक सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ये नीतियां हरियाणा को देश का सबसे आकर्षक निवेश केंद्र बनाएंगी। इससे युवाओं को रोजगार, किसानों को बेहतर आय और राज्य को तेज आर्थिक विकास मिलेगा। हर जिले में उद्योग से लाखों नई नौकरियां, किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

# चार साल में 30 हजार युवाओं को मिली सरकारी सेवा : धामी



**देहरादून,** (सुनील तलवाड़): पुष्कर सिंह धामी ने बीते चार वर्षों में सरकारी सेवाओं में चयनित हुए हजारों युवाओं को डिजिटल माध्यम से पत्र भेजकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने चयनित कार्मिकों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ जनसेवा में योगदान देने की अपील की है।


साथ ही उन्होंने कई चयनित युवाओं से फोन पर बातचीत कर उन्हें उत्साहपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में उत्तराखंड की जनता ने उन्हें दूसरी बार राज्य की सेवा का अवसर दिया। जनादेश की भावना के अनुरूप सरकार ने कार्यभार संभालते ही प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या को कम करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से बीते चार वर्षों में लगभग 30 हजार से अधिक युवाओं को राजकीय सेवाओं में नियुक्ति दी जा चुकी है और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में युवा अपनी प्रतिभा, मेहनत और योग्यता के आधार पर सरकारी सेवाओं में चयनित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए कठोर नकल विरोधी कानून और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया ने योग्य युवाओं को निष्पक्ष अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता रही है कि भर्ती प्रक्रियाएं पूरी तरह निष्पक्ष, ईमानदार और पारदर्शी हों, ताकि मेहनती युवाओं को उनका अधिकार मिल सके।

# छत्तीसगढ़ में 9.17 करोड़ रुपये के सोने के गहने जब्त

**महासमुंद,** (पंजाब केसरी) : छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने तीन लोगों से 7.5 किलोग्राम वजनी सोने के गहने जब्त किए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक कार की तलाशी के दौरान तीन लोगों जयेश अकबरी (32), सुनीत कारेना (22), और रूशी अग्रावत (26) से 9.17 करोड़ रुपये के सोने के गहने जब्त किए हैं। सभी गुजरात के राजकोट के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए वाहनों की तलाशी ली जा रही है। रविवार को तलाशी अभियान के दौरान ओड़िशा की ओर से आ रहे एक वाहन की तलाशी ली गई और उसमें सवार लोगों से पूछताछ की गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने कार की पिछली सीट पर बने एक चेम्बर से दो पीटठू बैग बरामद किया।

# आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार गिरावट से उबरा



सेंसेक्स में मामूली बढ़त

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): देश के प्रमुख शेयर सूचकांक सोमवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। भारी गिरावट के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और चुनिंदा प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार की स्थिति सुधरी। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और रुपये की कमजोरी ने बाजार की तेजी पर अंकुश लगाया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.05 अंक की बढ़त के साथ 75,315.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,134.78 अंक तक टूटकर 74,180.26 अंक तक आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 6.45 अंक की हल्की बढ़त के साथ 23,649.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी ओर टाटा स्टील, पावरग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही।

# आरबीआई ने गुनवीर सिंह को कार्यकारी निदेशक के पद पर पदोन्नत किया

मुंबई, (भाषा): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को गुनवीर सिंह को कार्यकारी निदेशक (ईडी) पद पर पदोन्नत किया। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि सिंह इससे पहले केंद्रीय बैंक के भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग में प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। कार्यकारी निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति सोमवार से प्रभावी हो गई है। सिंह को रिजर्व बैंक में तीन दशक से अधिक का अनुभव है।

# 'महालक्ष्मी सरस 2026' भव्य सफलता के साथ संपन्न

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): इस वर्ष आयोजित 'महालक्ष्मी सरस 2026' प्रदर्शनी ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। पहले 14 दिनों के लिए निर्धारित यह प्रदर्शनी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की विशेष अनुमति के बाद 17 दिनों तक आयोजित की गई। महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निलेश सागर (आईएएस) ने कहा कि, "2024 में पदभार संभालने के बाद मुझे चार महालक्ष्मी सरस आयोजनों का हिस्सा बनने का अवसर मिला। समापन अवसर पर निखिल कुमार ओसवाल ने कहा-यह राशि महिलाओं की आजीविका और मानव विकास सूचकांक सुधारने के लिए है। यदि धैर्य, सीखने की इच्छा और निरंतर प्रयास हो तो हर परिस्थिति से रास्ता निकाला जा सकता है। यह हमने हमारी बहनों से सीखा है।" लेकिन प्रदर्शनी ने 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया।

# सोना 1.62 लाख रुपये पर स्थिर

**नई दिल्ली,** (भाषा) : राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 1.62 लाख रुपये प्रति 10 पर स्थिर रहीं, जबकि चांदी का भाव बढ़कर 2.76 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। यह बढ़ोतरी चांदी के आयात पर ताजा अंकुश और रुपये में कमजोरी के कारण हुई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत में 1,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 2,76,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

# बैंकों के लिए निवेश उतार-चढ़ाव बफर रखने की अनिवार्यता समाप्त

**मुंबई,** (भाषा): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वाणिज्यिक बैंकों के लिए 'निवेश उतार-चढ़ाव रिजर्व' (आईएफआर) बनाए रखने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। यह प्रावधान निवेश के मूल्य में गिरावट के जोखिम से बचाव के लिए अतिरिक्त बफर के रूप में रखा जाता था। केंद्रीय बैंक ने 'वाणिज्यिक बैंक निवेश पोर्टफोलियो का वर्गीकरण, मूल्यांकन और संचालन (द्वितीय संशोधन) निर्देश, 2026' जारी करते हुए कहा कि बाजार जोखिम और निवेश से जुड़े सतर्कता संबंधी ढांचे में हुए बदलावों को ध्यान में रखते हुए मौजूदा निर्देशों में संशोधन किया गया है। आरबीआई की तरफ से जारी परिपत्र के अनुसार, आईएफआर बनाए रखने की आवश्यकता 18 मई, 2026 से समाप्त हो गई है।

आरबीआई ने कहा कि 17 मई, 2026 तक आईएफआर में उपलब्ध शेष राशि को 'लेखा-रेखा के नीचे' (बिलो द लाइन) आधार पर वैधानिक रिजर्व, सामान्य रिजर्व या लाभ-हानि खाते के शेष में स्थानांतरित किया जाएगा। भारत में शाखा मॉडल के तहत संचालित विदेशी बैंकों के लिए यह राशि सीधे भारतीय बही-खातों में रखे वैधानिक रिजर्व या ऐसे हस्तांतरणीय अधिशेष में डाली जाएगी, जिसे बैंक के भारत में संचालन के दौरान देश से बाहर नहीं भेजा जा सकेगा। केंद्रीय बैंक ने सहकारी बैंकों, लघु वित्त बैंकों और भुगतान बैंकों के लिए आईएफआर से संबंधित अलग-अलग परिपत्र भी जारी किए हैं।

# भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा का संचालन


**जयपुर,** (बनवारी कुमावत): रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09257, भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 29 मई से 26 जून तक (05 ट्रिप) भावनगर टर्मिनस से प्रत्येक शुक्रवार को 14.20 बजे रवाना होकर अगले दिन 10.55 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09258, शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 30 मई से 27 जून तक (05 ट्रिप) शकूरबस्ती से प्रत्येक शनिवार को 13.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 08.50 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 02 सैकण्ड एसी, 04 थर्ड एसी, 03 थर्ड एसी इकोनोमी, 07 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी, 01 पॉवरकार व 01 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

# दो मतपत्र गायब होने पर आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**शिमला,** (पंजाब केसरी) : हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में आगामी पंचायत चुनाव के लिए तैयार किए जा रहे दो मतपत्रों के गायब होने के बाद पुलिस ने सोमवार को आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मतपत्र सोलन जिले के कुनिहार क्षेत्र में तैयार किए जा रहे थे। जांच के दौरान दो मतपत्र गायब पाए गए, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

सोलन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) तिरुमलाराजू एसडी वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** तनव, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** अपना घर आश्रम, गांव पूठ खुर्द, दिल्ली, **उम्रः** 55 वर्ष, **कदः** 5', **लिंगः** पुरुष, **रंगः** साँवला, **पहचान का निशानः** दाहिनी आंख के नीचे छोटा चोट का निशान, जिसे एमएलसी नं. 2383/26 के तहत एम.वी. अस्पताल, दिल्ली में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसे तुरंत मृत घोषित कर दिया।

इस सम्बंध में **डीडी नं. 100ए, दिनांक 09.05.2026, थानाः बवाना, नई दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**थानाः बवाना, नई दिल्ली**
**फोनः 9315100942**
DP/6455/ON/2026

## पहचान की अपील



अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, परिवार और निवास **अज्ञात** है, उक्त पुरुष जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष थी, उक्त पुरुष दिल्ली में संजय गांधी अस्पताल के सामने, गौरी शंकर मंदिर के पास मृत पाया गया। इस सिलसिले में **डीडी संख्या 75ए दिनांक 25.04.2026 पुलिस थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** मे दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है।

मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है:

**लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 60 वर्ष, **ऊँचाई:** 5'4" ft, **रंग:** डार्क, **पहनावा:** सफेद शर्ट और काली पैंट, **पहचान:** सीने पर टिन। इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी/ मंगोल पुरी, दिल्ली को सूचित करे।

**थाना प्रभारी**
**थाना, मंगोल पुरी, दिल्ली**
DP/6468/OD/2026 **फोन नं. 7065036122, 8700403771**

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर

लापताः आवश्यक सूचना



गुमशुदा पुरूष वंशीधर महतो, उम्र–करीब 30 वर्ष।

सर्व साधारण को सूचित करना है कि गुमशुदा वंशीधर महतो, उम्र–करीब 30 वर्ष, पिता–भीम महतो, पता–मानगो दाईगुट्टु शीतला मंदिर, बंगाली बस्ती, थाना–मानगो, जिला–पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर जो दिनांक–09.05.2026 को सुबह समय करीब 10:00 बजे घर से निकला है अभी तक वापस नहीं लौटा है। आवेदिका एवं इनके परिवारवालों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया परन्तु कुछ पता नहीं चल सका। गुमशुदा पुरूष का हुलिया निम्न प्रकार है :–उम्र–करीब 30 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–05 फीट 07 इंच, बाल–काला, पहनावा–भूरा रंग का जिन्स एवं टी–शर्ट।

अतः आप सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त गुमशुदा के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के कार्यालय में निम्नांकित फोन नम्बर पर सूचित करें।

वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर : 0657–2431006
पुलिस अधीक्षक (नगर), पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर : 9471190203
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0–01) : 9431706481
थाना प्रभारी, मानगो : 9431706488

वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर
PR 380133 Police(26-27).D

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091 | DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930 | AMBULANCE SERVICE-108


# गेहूं और चावल व उड़द, मूंग व तूअर में गिरावट

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): फ्लोर मिलों की मांग कमजोर होने गेहूं 10 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। निर्यातकों की मांग कमजोर होने से बासमती चावल के भाव भी 200 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। दाल मिलों की मांग कमजोर होने से दलहनों में उड़द, मूंग व तूअर की कीमतों में 50/100 रुपये की गिरावट रही। मांग कमजोर होने से चीनी के भाव 25/50 रुपये क्विंटल नीचे आ गए। जबकि आपूर्ति कमजोर होने तथा मांग बढ़ने से सरसों व इसके तेल के भाव 300/400 रुपये प्रति क्विंटल उछल गए।

**अनाज-दाल (भाव प्रति क्विं.):** गेहूं: एमपी देशी 3600/3700, दड़ा (मिल पहुंच) 2675/2690, चक्की (पहुंच) 2710/ 2715, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सहित) 280/ 290, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1480/1490, मैदा (50 किलो) 1470/1480, सूजी (50 किलो)1480/1500, चोकर (48 किलो)1280/1290, चावल: बासमती लालकिला 14600, स्वाद 11800, शरबती सेला 6300/ 6400, स्टीम 7000/7100,(1121 नं.) चावल सेला 9200/9300, स्टीम 9800/10000, सोर्टेक्स 10200/10600, (1509 नं.) चावल सेला 7700/7800, स्टीम 8300/8400, बासमती (1718) सेला 8000/8100, चावल 1401 स्टीम 8800/9000, परमल कच्चा 3900/4000, ब्रोकन (25 प्रश.) 3600/3700, वंड 4000/4100, पीआर-(11) सेला 4500/4600, आईआर (8) 3500/3550, बाजरा: कैटलफीड 2175/2180, ज्वार: पीली 2500/2600, सफेद 3100/ 3300, मक्की: एमपी 2125/2135, बिहार 2200/2225, जौ: 2425/ 2450, उड़द कच्चा: यूपी 7800/ 8100, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 9600/10300, बढ़िया 10900/ 11400, धोया लोकल 9400/ 9900, बढ़िया 10700/11300, मूंग कच्ची: राजस्थान 5800/7700, यूपी/बिहार &, एमपी 6200/ 6600, दाल मूंग: छिलका 9200/ 9800, बढ़िया 10400/11600, मूंग धोया: लोकल 8800/10200, बढ़िया 11000/ 11400, मसूर कच्ची: छोटी 8000/ 9500, मोटी विदेशी 6200/6250, देशी बिल्टी 6825/6850, दाल मसूर: लोकल 7400/8500, बढ़िया 8500/ 10500, मलका: लोकल 7200/ 8000, बढिय़ा 8000/9000, मोठ 5500/ 5550, अरहर: रंगून 8050/ 8060, देशी कर्नाटक 8400/ 8500, दाल अरहर: दड़ा 11000/11200, पटका 11500/ 11800, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 5800/5825, आस्ट्रेलिया 5850/5875, चनादाल: लोकल 6500/ 6600, बढिय़ा 6750/6850, बेसन (35 किलो) (जीएसटी अतिरिक्त): एग्रोप्योर 2600, राजमा चित्रा: चीन 11000/ 11400, ब्राजील इंडियन 9000/ 9500 पुणे-भूटान 7700/8000, काबली चना: छोटा 5700/ 6000, मीडियम 6400/6800, मोटा 9000/ 9800, लोबिया: ब्राजील 7500.

**चीनी मिल डिलीवरी:** अफजलगढ़ 4075, सिंभावली 4140, शामली 4080, मोदी &, देवबंद 4145, किनौनी 4175, बुढ़ाना 4110, खतौली 4150, मवाना 4096, दौराला 4200, अगौता 4050, धामपुर 4092, बुंदकी 4075, हाजिर 4350/4500.

**गुड़-शक्कर:** गुड़ पेड़ी 4800/5000,चाकू 4900/5000, ढैया 5100/5200,शक्कर 5200/ 5300, खांडसारी 5400/5500.

**तिलहन और तेल-तिलहन:** तिलहन: तिलहन: सरसों 6900/ 6950, खली एक्सपेलर: सरसों 2700/2950, बिनौला 3550/ 3750, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 14400/ 14500, सरसों 23800/24000, सोयाबीन पीला 37000/ 37500, सूरजमुखी 23000/ 23500, मूंगफली (40-45 प्रश.) 26000/27500, राईसब्रान (प्रति यूनिट) 161/ 162, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2550/2700, सरसों तेल (टीन) 2450/2600, सरसों एक्सपेलर 14100, तिल तेल 13500, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 13500, सोया रिफाइंड (टीन) 2000/2150, सनफ्लावर 2200/2300.

**लोहा व इस्पात :** (प्रति टन)जीएसटी पेड सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 67500, (10 एमएम) 66300, (12 एमएम) 64000, (16-25 एमएम) 65100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 415, (10) 637, (12) 901, (16) 1603, ( 20 एमएम) 2506, (25 एमएम ) 3912, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 64900, (10 एमएम) 63100, (12 एमएम) 63700, (16-25 एमएम) 64200, (32 एमएम) 66000, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 66200, (10) 64800, (12) 61500, (16-25) 63700, (32) 62300, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 66500, (10) 66000, (12) 63800, (16-25) 65500, (28-32) 66100, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 71600, (10 एमएम) 70400, (12 एमएम) 68000, (16-25 एमएम) 69200, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 71600, (10 एमएम) 70400, (12 एमएम) 68000, (16-25 एमएम) 69200, एंगल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) (50&5) 46000, केवीएस-एमएस (35&5) 49000, (40&5/6) 49500, (50 &5) 50000, (50&6) 50500, (65&5/6) 51000, जयभारत: (50&5 से 75&10) 51500, अनमोल: 51500, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 47000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 51000, जयभारत 53000, अनमोल 53000, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 52500, अनमोल 52500, टी-आयरन: राना 48000, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 41000, (साढ़े 3 इंच) 41500, (4 इंच) 42000, (5 इंच) 42500, (छः इंच) 43000, स्क्रैप: पुरानी 36000, मैल्टिंग स्क्रैप 37000, इंगट 44000, राउंड 48500.

**अलौह धातु :** (किलो/ जीएसटी अतिरिक्त): अतिरिक्त): एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद 119, बैट्री काला 101.50, देशी मुलायम 201/220, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 209/217, चार प्रतिशत 222/229, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल 662, मिक्स 680, जालंधर 688, ब्रास (पीतल): हनी 813/853, रेडिएटर देशी 628, रेडिएटर विदेशी 626, चादरी देशी 803/843, पुर्जे स्क्रैप 768/808, टिन (रांग): इंगट अफ्रीका &, इंडोनेशिया 5160, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 374, एजेड 422, आई जेड 378, आईजे 377,पीएमआई 333, ड्रास (ढीमा) 283, निकिल कैथोड: रसियन-(4&4) 1810, (8&8) 1815, (4&24) 1820, नार्वे (4&4) 1825, (4&24) 1830, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 1198, भट्ठी 1196, सीसी 1400, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 385, शीट कटिंग 340, वायर स्क्रैप 345, बर्तनफूट 301, पुर्जाफूट 304, रॉड: लोकल 357, कम्पनी 398.

## कल क्या होगा?



बुधवार ज्येष्ठ (अधिक) सुदी चतुर्थी को गेहूं, जई, जौ, उड़द, तुवर, मलका, मटर, राजमा चित्रा, काबुली चना, मसूर, ग्वार, ग्वार गम, देशी चना, चीनी, मोठ, अजवायन, लौंग, कालीमिर्च, चिरौंजी, मगज तरबूज, अमचूर, दालचीनी, गुड़, पारा, निकिल, बिनौला, सोयाबीन, अरंडी तेल, कॉपर, पीतल में लाभ तथा बारीक चावल, मूंग, उड़द, पोस्तदाना, किशमिश, हल्दी इमली, धनिया, मखाना, जावित्री, जायफल, तिल, जीरा, कपास, रीठा, कलौंजी, मोम, मैंथा ऑयल, सोडाएश, सीसा, टिन, टिटेनियम डाईऑक्साइड में हानि हो सकती है। भाग्यांक 3-6-8-9 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 8.19 बजे प्रात: के बाद यात्रा शुभ होगी।


## पहचान की अपील




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति, जिसका **नामः** चंदर मल, **पुत्रः** राम स्वरूप, **पताः** P-1/170, गली नंबर 12, सुल्तानपुरी, दिल्ली, **लिंगः** पुरूष, **उम्रः** 75 साल, **कदः** 5 फीट 6 इंच, **रंगः** गेहूंआ, **पहनावाः** नीले और सफेद रंग की टी–शर्ट और नीले रंग की पैंट, **पहचान का निशानः** टैटू **बरामदी स्थलः** इस व्यक्ति का मृत शरीर, Y-ब्लॉक, पैट्रोल पंप और फिटनेस जिम के पास, मंगोलपुरी, दिल्ली से पाया गया। इस संदर्भ में **DDNo. 163A, दिनांक: 12.05.2026, U/s: 194, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, थानाः मंगोल पुरी, दिल्ली** में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थानाः मंगोल पुरी, दिल्ली**
DP/6536/OD/2026 **फोनः 7065036122, 8700403771**

## गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



सन्नी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम सन्नी **S/o** सुनील कुमार, **R/o** मकान नंबर ए-130, आईसीडी सीयूटी वी.पी. सिंह कैंप, रेलवे कॉलोनी, तुगलकाबाद, पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली **स्थाई पता** गांव आलापुर, डा. दुर्गागंज, थाना विलाग राम, जिला. हरदोई, उ.प्र **उम्र** 19 साल जो कि 09.05.2026 को करीब दोपहर 2 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.91A दिनांक 11.05.2026,** थाना पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:-

**रंगः** गोरा, **कदः** 5'3", **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **पहचानः** होंठ पर तिल है, जिसने नीले रंग की कमीज, नीले रंग का लोअर और सफेद रंग की चप्पल पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**फैक्सः 24368639**
**दूरभाषः 24368638/24368641**

थानाध्यक्षः पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-26366800, 26366801
8750870934
DP/6394/SE/2026


# वोडाफोन आइडिया की एक लाख करोड़ रुपये नकदी जुटाने की योजना

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने अगले तीन साल में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जुटाने के लिए अपने नकदी प्रवाह को तिगुना करने, नए ऋण जुटाने, कर रिफंड और प्रवर्तकों से पूंजी निवेश पर भरोसा जताया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) तेजस मेहता ने तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि वीआई वित्त वर्ष 2026-27 से 2028-29 के दौरान कर-पूर्व आय के रूप में 60,000 करोड़ रुपये की नकदी हासिल करने का लक्ष्य रखती है। वीआई ने नेटवर्क सुधार और प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए 45,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसके अलावा, अगले तीन वर्षों में कंपनी को 49,000 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम भुगतान और 5,000-6,000 करोड़ रुपये का कर्ज सेवा भुगतान करना होगा।


## MAX FINANCIAL SERVICES मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

CIN: L24223HR1988PLC145368
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 90-C, सेक्टर-18, अर्बन एस्टेट, गुरुग्राम, हरियाणा - 122015
कॉर्पोरेट कार्यालय: L20M(21), मैक्स टावर्स, प्लॉट नं. C-001/A/1, सेक्टर-16बी, नोएडा 201 301
Tel: +91-120-4696000 Website: www.maxfinancialservices.com
E-mail: investorhelpline@maxfinancialservices.in

**शेयरधारकों के लिए सूचना**

**भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("SEBI") द्वारा 30 जनवरी, 2026 को जारी परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2) 2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 के अनुसरण में, कंपनी के शेयरधारकों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन के अनुरोध जमा करने के लिए 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक विशेष विंडो खोली गई है।

यह नियम सिर्फ़ उन मामलों में लागू होता है, जहां ओरिजिनल ट्रांसफर डीड 1 अप्रैल, 2019 से पहले एग्जीक्यूट की गई थी, और

(i) जहां 1 अप्रैल, 2019 से पहले शेयर ट्रांसफर रिक्वेस्ट की गई थी, लेकिन डॉक्यूमेंटेशन में कमी या दूसरे प्रोसेस से जुड़े कारणों से उसे वापस कर दिया गया, रिजेक्ट कर दिया गया, या उस पर ध्यान नहीं दिया गया; या

(ii) जहां 1 अप्रैल, 2019 से पहले शेयर ट्रांसफर का अनुरोध दर्ज नहीं किया गया था, और शेयरधारक विधिवत निष्पादित ट्रांसफर डीड के साथ-साथ मूल शेयर प्रमाणपत्र भी अपने पास रखता है।

इसके अलावा, जिन प्रतिभूतियों को 'निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष' में हस्तांतरित कर दिया गया है, वे इस विंडो के तहत प्रोसेसिंग के लिए पात्र नहीं होंगी।

पात्र शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने री-लॉजमेंट अनुरोध, सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ, हमारे रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट को जमा करें; जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

**एमएएस सर्विसेज लिमिटेड (रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट)**
टी-34, दूसरी मंज़िल
ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज़ - II
नई दिल्ली-110 020
**संपर्क व्यक्ति**
श्री श्रवण मंगला / सुश्री मनीषा
फ़ोन नंबर:-011-26387281/82/83/41320335/44796462
ई-मेल: sm@masserv.com/investor@masserv.com

**मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./-**
**सिद्धि सुनेजा**
**कंपनी सचिव और अनुपालना अधिकारी**

**स्थान : नोएडा**
**तिथि : 18 मई, 2026**